राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

तारीख हुक्म	394/2020 हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 225	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	कालू बनाम रामावतार	
29/9/20	कार्यालय रिपोर्ट होकर पत्रावली आज प्रस्तुत हुई | पत्रावली दर्ज रजिस्टर करे | अधिवक्ता अपीलान्ट उपस्थित | अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस प्रार्थना पत्र स्थगन पर सुनी गयी | अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया | पत्रावली पर उपलब्ध अधीनस्थ न्यायालय की आदेशिकाओ के अवलोकन से यह स्पष्ट है की सुयोग्य अधीनस्थ न्यायालय द्वारा उनके समक्ष प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा प्रस्तुत होने पर दिनांक 27/08/2020 की आदेशिका में प्रकरण में केवियट प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने से केवियटकर्ता व् पक्षकारान को सुचना हेतु नोटिस जारी करने का अंकन कर आगामी तारीख पेशी दिनांक 09/09/2020 अंकित की गयी | तत्तपश्चात दिनांक 09/09/2020 को स्टेम लगाकर आगामी तारीख पेशी 15/09/2020 अंकित की गयी | एवं उसके पश्चात दिनांक 15/09/2020 को स्टेम अंकित कर आगामी तारीख पेशी नियत की गयी | जिसके अवलोकन से यह स्पष्ट होता है की सुयोग्य अधीनस्थ न्यायालय द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत केवियट प्रार्थना पत्र के केवियटकर्ता को भी सुने जाने हेतु मात्र नोटिस जारी किये गये है | एवं प्रकरण में आदिनांक तक कोई सुनवाई अथवा आदेश पारित ही नही किया गया है | ऐसे में आदेशिका दिनांक 09/09/2020 के विरुद्द अपीलार्थी द्वारा जो यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गयी है वह संधारणीय ही नही है | अत: अपील अपीलार्थी संधारणीय नही होने से ख़ारिज की जाती है | तदनुसार पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो | आदेश खुले न्यायालय में सुनाया गया | राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर	

राजस्व अपील अधिकारी जिला जयपुर